बीएएनसी 110

# विज्ञान स्नातक(आनर्स)
# मानवविज्ञान

**(BSCANH)**

## सत्रीय–कार्य

**जनवरी 2020**

**पाठ्यक्रम कोड : बीएएनसी 110**

**BANC 110 : अनुसंधान विधियां**

सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ
इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय मैदानगढ़ी, नई दिल्ली–110068

प्रिय छात्र,

जैसा कि हमने आपको कार्यक्रम संदर्शिका में सूचित किया है, इग्नू में मूल्यांकन दो भागों में होता हैः i) सत्रीय कार्य द्वारा सतत मूल्यांकन, और ii) सत्रांत परीक्षा। अंतिम परीक्षा परिणाम में, सभी सत्रीय कार्यों के लिए 30 प्रतिशत अंक निर्धारित है, जबकि सत्रांत परीक्षा के लिए 70 प्रतिशत अंक।

आपको 6 क्रेडिट के पाठ्यक्रम के लिए 3 **अनुशिक्षक चिंहित सत्रीय** कार्य **(टी.एम.ए.)** करने होंगे, और 4 क्रेडिट के पाठ्यक्रम के लिए 2 सत्रीय कार्य करने होंगे। इस सत्रीय कार्य की पुस्तिका में **BANC 110 : अनुसंधान विधियां** नामक कोर पाठ्यक्रम के सत्रीय कार्य (असाइनमेंट) सम्मिलित है जो 6 क्रेडिट का पाठ्यक्रम है। इस पुस्तिका में 3 सत्रीय कार्य हैं जिनके कुल 100 अंक हैं, तथा मूल्यांकन में 30 प्रतिशत अधिभार है।

**सत्रीय कार्य- I** में वर्णनात्मक श्रेणी के प्रश्न हैं आपको इन प्रश्नों के उत्तर निबंध के समान, प्रस्तावना एवं निष्कर्ष के साथ लिखने होंगे। इनका प्रयोजन विषय से संबंधित आपकी समझ/जानकारी को व्यवस्थित, संगत तथा सुस्पष्ट तरीके से वर्णन करने की योग्यता को जांचना है।

**सत्रीय कार्य-II** में मध्य श्रेणी के प्रश्न हैं। इन प्रश्नों के उत्तर के लिए आपको सर्वप्रथम तर्क और स्पष्टीकरण के संदर्भ में विषय का विश्लेषण करना होगा, जिसके उपरान्त प्रश्नों के उत्तर संक्षिप्त तरीके से लिखने होंगे। ये प्रश्न विषय से संबंधित अवधारणाओं व प्रक्रियाओं को स्पष्ट रूप से समझने की क्षमता का परीक्षण करने के लिए हैं।

**सत्रीय कार्य-III** में प्रयोगिकी / परियोजना मैनुअल पर आधारित प्रश्न हैं। इन प्रश्नों से आपको यह समझने में मदद मिलेगी कि किसी परियोजना (प्रोजेक्ट)सिनोप्सिस का निर्माण कैसे करें और फील्ड परिस्थितियों में अपने ज्ञान, उपकरणों(टूल)व तकनीकों का प्रयोग परीक्षण को कैसे लागू करें।

सत्रीय कार्य करने से पहले, कार्यक्रम संदर्शिका में दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह अनिवार्य है कि आप सत्रीय कार्य के सभी प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखें। आपका उत्तर किसी विशेष श्रेणी के लिए निर्धारित शब्द–सीमा की अनुमानित सीमा के भीतर होना चाहिए।

याद रखिये कि इन सत्रीय प्रश्नों के उत्तर लिखने से आपके लेखन; कौशल में सुधार होगा; तथा आप सत्रांत परीक्षा के लिए तैयार हो जाएंगे।

जैसा कि कार्यक्रम संदर्शिका में उल्लेख किया गया है आप सत्रांत परीक्षा में उपस्थित होने के योग्य होने के लिए सारे सत्रीय कार्य निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत जमा करने होंगें।

**पूर्ण किये गये असाइमेंट को जमा करना:**

| **सत्र** | **जमा करने की अंतिम तिथी** | **जमा करने का स्थान** |
|---|---|---|
| | | छात्र के अध्ययन केंद्र के समन्वयक को ईमेल के माध्यम से (जिस स्थान पर लॉकडाउन हो) |
| जनवरी 2020 | 31 अक्टूबर 2021 | |

आपको तब तक ई-मेल से एक पावती (स्वीकृति) प्राप्त करनी चाहिए जब तक कि आपके स्थान पर लॉकडाउन चल रहा है, उसके बाद भारत सरकार द्वारा उपलब्ध दिशानिर्देशों के अनुसार, हमारी वेबसाइट www.ignou.ac.in के माध्यम से सूचित किया जाएगा, आप अपना असाइनमेंट जमा करने के लिए अध्ययन केंद्र पर जा सकते हैं। प्रस्तुत किए गए असाइनमेंट के लिए अध्ययन केंद्र से रसीद प्राप्त करें और इसे सुरक्षित रखें। यदि संभव हो तो, असाइनमेंट की एक जेरोक्स (फोटोकॉपी) अपने पास रखें।

मूल्यांकन के पश्चात, अध्ययन केन्द्र सत्रीय कार्यों को आपको लौटा देगा। कृपया इस पर विशेष ध्यान दें। मूल्यांकन के पश्चात, अध्ययन केन्द्र को सत्रीय कार्य के अंक विद्यार्थी मूल्यांकन प्रभाग (एसईडी), इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, मैदान गढ़ी, नई दिल्ली को भेजने होते हैं।

हम आशा करते हैं कि आप सत्रीय कार्य मे ंदिए गए निर्देशों के अनुसार प्रत्येक श्रेणी के प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लिखेंगे। सत्रीय कार्यों के उत्तर लिखते समय निम्नलिखित बातों को ध्यान में रखें:

**1) योजना :** सत्रीय कार्य को ध्यान से पढ़िए। सत्रीय कार्य के प्रष्न जिन इकाइयों पर आधारित हैं, उन्हें ध्यान से पढिए। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लिखने के लिए उसके बारे में महत्वपूर्ण तथ्य नोट कर लें, और फिर उन्हें तार्किक क्रम में व्यवस्थित कर लें।

**2) संगठन :** अपने उत्तर की कच्ची रूपरेखा बनाने से पहले कुछ बेहतर तथ्यों का चुनाव और विष्लेषण कीजिए। उत्तर की प्रस्तावना और निष्कर्ष पर विषेष ध्यान दें।

उत्तर लिखने से पूर्व यह सुनिषचित कर लें कि :

क) आपका उत्तर तर्कसंगत और सुसंगत है;

ख) वाक्यों और अनुच्छेदों में स्पष्ट संबंध है; तथा

ग) उत्तर आपके भाव, शैली और प्रस्तुति के आधार पर सही है।

**3) प्रस्तुतिकरण :** जब आप अपने उत्तर से संतुष्ट हो जाएँ तो जमा कराने के लिए सत्रीय कार्यों के प्रष्नों के उत्तर की स्वच्छ प्रति तैयार करें। **उत्तर साफ–साफ और अपनी हस्तलिपि में लिखना अनिवार्य है।** जिन बिंदुओं पर आप जोर देना चाहते हो, उन्हें रेखांकित कर दें। यह अवष्य सुनिष्चित कर लें कि आपका उत्तर निर्धारित शब्द–सीमा के भीतर ही होना चाहिए।

**शुभकामनाओं के साथ !**

**मानव विज्ञान संकाय**

**सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ ,नई दिल्ली**

**BANC 110 : अनुसंधान विधियां**
**ट्यूटर मार्क एसाइनमेंट(TMA)**

**कोर्स कोड: BANC 110**
**असाइनमेंट कोड:: BANC 110/ASST/TMA/July 2021 and January 2022**
**Total Marks: 100**

**सत्रीय कार्य में कुल तीन अनुभाग हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।**

**सत्रीय कार्य – I**

**निम्नलिखित में प्रत्येक के बारे 500 शब्दों में उत्तर दें।** **20X2 = 40**

क. चर्चा करें कि वैज्ञानिक सोच सामान्य बोध से कैसे भिन्न है।

ख. औपनिवेशिक काल के दौरान मानवविज्ञानियों द्वारा उपयोग की जाने वाली अनुसंधान विधियों की व्याख्या करें।

**सत्रीय कार्य – II**

**निम्नलिखित में प्रत्येक के बारे में 250 शब्दों में उत्तर दें। (संक्षिप्त टिप्पणी करें)** **10X2 = 20**

क. प्रतिभागी अवलोकन और गैर–प्रतिभागी अवलोकन

ख. आर्म–चेयर मानवविज्ञानी और क्षेत्रकार्य मानवविज्ञानी

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 75 शब्दों में दें ।** **2X5 = 10**

क अनुसंधान में नैतिकता
ख साहित्य समीक्षा/ साहित्य पुनरावलोकन
ग साक्षात्कार गाइड
घ एसपीएसएस
ङ एंड नोट्स

**सत्रीय कार्य – III**

**क.** पता करें कि आपके परिवार के प्रत्येक सदस्य ने किस प्रकार की शादियाँ की हैं (यदि आप एकाकी परिवार से संबंध रखते हैं तो निकटतम संबंधियों को शामिल करें)। यहां आपकी शोध तकनीक क्या होगी? आपके द्वारा चुनी गई तकनीक के आधार पर आपके द्वारा तैयार किए जाने वाले प्रश्नों की रूपरेखा तैयार करें। **20**

**ख.** स्वंय को ईगो चिंहित करते हुए अपने दादा–दादी से खुद तक की पैतृक वंशावली बनाए। **5**

**ग.** व्यक्ति के पूरे जीवनकाल में किसी बीमारी या स्वास्थ्य की स्थिति को संभालने में चिकित्सा बहुलवाद दिखाने के लिए परिवार के किसी सदस्य का जीवन इतिहास प्रदान करें। **5**